एक नजर में

## यूको बैंक ने मनाया सतर्कता जागरूकता सप्ताह



इंदौर. केन्द्रीय सतर्कता आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप यूको बैंक अंचल कार्यालय, इंदौर द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का आयोजन किया गया. सप्ताह का शुभारंभ अंचल कार्यालय एवं सभी शाखाओं में सतर्कता प्रतिज्ञा के साथ हुआ. सप्ताह भर चलने वाले इस अभियान के दौरान आम नागरिकों में ईमानदारी, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार मुक्त समाज के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम आयोजित किए गए. इंदौर में 56 दुकान पर यूको बैंक द्वारा सतर्कता जागरूकता केनोपी लगाई गई, जहाँ नागरिकों को नैतिकता और पारदर्शिता के महत्व से अवगत कराया गया. इसके साथ ही कृष्णा पब्लिक स्कूल, इंदौर में यूको बैंक की अनूप नगर शाखा द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता तथा ज्योति पब्लिक स्कूल, गुलाना में गुलाना शाखा द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. सप्ताह के दौरान बैंक की विभिन्न शाखाओं में सतर्कता जागरूकता शिविरों का भी आयोजन किया गया. कार्यक्रम के समापन अवसर पर यूको बैंक अंचल कार्यालय, इंदौर द्वारा अंचल प्रबन्धक विक्रांत टंडन के मार्गदर्शन में वॉकाथन आयोजित किया गया. इस वॉकाथन का उद्देश्य समाज में ईमानदारी, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार उन्मूलन के प्रति जन-जागरूकता फैलाना था।वॉकाथन में बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारीगण बड़ी संख्या में शामिल हुए.

## गेम चेंजर क्लब की एनुअल वर्कशॉप 15 को



इंदौर. आने वाले साल को योजनाबद्ध ढंग से शुरू करने और व्यक्तिगत व प्रोफेशनल जीवन में नई ऊँचाइयाँ हासिल करने का मौका एक बार फिर मिलने जा रहा है. गेम चेंजर क्लब हर साल की तरह इस बार भी अपनी खास एकदिवसीय वर्कशॉप 'डोमिनेट 2026' का आयोजन करने जा रहा है. यह आयोजन 15 नवंबर को सयाजी होटल में सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक होगा. यह वर्कशॉप उन सभी लोगों के लिए तैयार की गई है जो अपने आने वाले साल को दिशा देना चाहते हैं, चाहे बात बिजनेस गोल्स की हो, हेल्थ गोल्स की या फिर लाइफ गोल्स की. इस सत्र में प्रतिभागियों को यह समझने और तय करने में मदद मिलेगी कि 2026 को अपने जीवन का सबसे प्रोडक्टिव साल कैसे बनाया जाए. वर्कशॉप को लीड करेंगे बिजनेस ग्रोथ कोच पुष्पेन्द्र सिंह जादौन ने बताया कि हर व्यक्ति अपने जीवन में बहुत सी योजनाएँ बनाता है, लेकिन ज़्यादातर लोग उन योजनाओं को सही ढंग से अमल में नहीं ला पाते. प्लानिंग करना आसान है, पर सही प्लानिंग करना और उसे फॉलो करना ही सफलता की असली कुंजी है. यही 'डोमिनेट 2026' का उद्देश्य है, लोगों को सिखाना कि आने वाले साल को कैसे जीता जाए, कैसे अपनी सोच को नतीजों में बदला जाए. वर्कशॉप प्रतिभागियों को आने वाले साल के लिए एक ठोस दिशा देने पर केंद्रित होगी. सत्र में बिजनेस, हेल्थ और लाइफ गोल्स को तय करने के साथ-साथ उन्हें वास्तविकता में बदलने के प्रायोगिक तरीके सिखाए जाएंगे.

## स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए रोड शो

इंदौर. आईआईएमए वेंचर्स ने कोटक महिंद्रा बैंक के सहयोग से कोटक बिज़लैब्स सीजन 2 और देशव्यापी रोडशो की श्रृंखला लॉन्च की है, जिसका उद्देश्य भारत के टियर-2 और टियर-3 शहरों के 75 ऐसे स्टार्टअप्स को गति देना है जो सामाजिक प्रभाव और स्थिरता पर केंद्रित हैं. इस कार्यक्रम के तहत उद्यमियों को मेंटरशिप, फंडिंग सपोर्ट और नेटवर्क तक पहुँच उपलब्ध कराई जाएगी ताकि वे स्केलेबल और टिकाऊ वेंचर्स बना सकें. यह श्रृंखला जयपुर और जोधपुर से शुरू हुई थी. इसके रोडशो 7 नवंबर को इंदौर और वडोदरा में शाम 5 बजे से आयोजित किए जाएंगे. इन रोडशो के दौरान उद्यमियों को आईआईएमए वेंचर्स और कोटक महिंद्र बैंक के मेंटर्स और प्रोग्राम लीडर्स से सीधे बातचीत करने का अवसर मिलेगा ताकि वे कोटक बिज़लैब्स सीजन 2 के फायदों को बेहतर समझ सकें आवेदन प्रक्रिया के बाद शीर्ष 30 स्टार्टअप्स को जयपुर, अहमदाबाद, इंदौर और नवी मुंबई में पिच के लिए बुलाया जाएगा. चिंतन बक्शी, पार्टनर- इनक्यूबेशन आईआईएमए वेंचर्स ने कहा हम मानते हैं कि नवाचार तब सबसे प्रभावी होता है जब वह समावेशी हो. छोटे शहरों से निकलने वाले उद्यमी अपने समाधानों से समाज में गहरा बदलाव लाने की क्षमता रखते हैं. कोटक बिज़लैब्स सीजन 2 के माध्यम से, हम उन्हें आईआईएमए के मार्गदर्शन और नेटवर्क के साथ तेजी से आगे बढ़ने में मदद कर रहे हैं.

## उपप्रवर्तक श्रृतमुनि महाराज का मंगल विहार



इंदौर. महावीर भवन इमली बाजार से उपप्रवर्तक श्रृतमुनि महाराज, तप शिरोमणी अक्षर मुनि महाराज सेवा भावी मधूर मुनि महाराज का चातुर्मास पूर्ण होकर प्रथम मंगल विहार का जुलूस महावीर भवन से प्रारंभ होकर राजबाड़ा जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला होता हुआ भक्त प्रहलाद नगर के स्थानक पर पहुंचा. इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित थे. भक्त प्रहलाद नगर के स्थानक के पदाधिकारियों ने गुरूदेव की अगवानी कि. महासाध्वी कुमुदलता महाराज भी साथ पहुंची वहां पर धर्म सभा का आयोजन हुआ. उपप्रवर्तक श्रृतमुनि जी महाराज ने कृतज्ञता के भाव व्यक्त किये आपने कहा कि इन्दौर से में बहुत यादें लेकर जा रहा हूं. संतों के समागम से चार वरदान प्राप्त होते है, जिसके जीवन में श्रृध्दा, ज्ञान, त्याग कि भावना रहेगी तो उसे सम्मान प्राप्त होगा. महांत्री रमेश भंडारी ने भी अपने भाव व्यक्त किये. जुलूस में रमेश भंडारी, प्रकाश भटेवरा, जिनेश्वर जैन, हेमन्त बोहरा, राजकुमार पंजाबी, अशोक मंडलिक, संजीव जैन, पारस मेहता, विपीन सोनी, सुविधि जावेरी, महेन्द्र डागरिया, विमल तांतेड़, सौरभ जैन नानू, गौरव जैन, आदि बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाऐं उपस्थित थे. धर्मसभा का संचालन प्रकाश भटेवरा ने किया. आभार संजीव जैन ने माना.




# मास्टर प्लॉन सड़क के दूसरी तरफ भी किया रिमूवल

- नगर निगम ने 182 बाधक मकान हटाए
- 28 परिवार को पीएम आवास योजना में किया शिफ्ट

नव भारत न्यूज

इंदौर. नगर निगम रिमूवल दस्ते ने आज मास्टर प्लान सड़क की दूसरी तरफ भी चौड़ाई में बाधक मकान हटाने की कार्रवाई की. कल निगम रिमूवल दस्ते ने मालवीय नगर में एक तरफ 140 बाधक मकान हटाने की कारवाई की थी. आज 182 चौड़ाई के लिए हटाए गए हैं.

आयुक्त दिलीप कुमार यादव के निर्देश नगर निगम रिमूवल विभाग ने मास्टर प्लान की प्रस्तावित एम.आर. 9 से एलआईजी लिंक रोड चौड़ी करने के लिए मालवीय नगर गली नंबर 2 स्थित क्षेत्र में दूसरी तरफ कार्रवाई की. कार्रवाई के दौरान सड़क निर्माण में बाधक लगभग 182 से अधिक मकानों को हटाया गया. चौड़ाई में बाधक मकान में निवासरत 28 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के फ्लैट में शिफ्ट किया गया. निगम की उक्त कार्रवाई 5 जेसीबी एवं 5 पोकलेन मशीनों से की गई, सड़क चौड़ी करने के लिए मार्ग को पूरी तरह से मुक्त कर दिया है. कार्रवाई के दौरान अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, भवन अधिकारी विनोद अग्रवाल, भवन निरीक्षक सचिन गहलोत, रिमूवल सहायक बबलू कल्याणे, निगम का रिमूवल अमला एवं पुलिस बल मौजूद था.



## हेलमेट पहनें, सुरक्षित रहें... ट्रैफिक पुलिस ने दिया संदेश

**इंदौर.** सड़क हादसों को रोकने और नागरिकों में यातायात अनुशासन की भावना बढ़ाने के लिए इंदौर यातायात पुलिस लगातार अभियान चला रही है. हेलमेट पहनें- सुरक्षित रहें थीम पर आधारित इस जनजागरण अभियान के तहत वाहन चालकों को जागरूक करने के साथ ही नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई भी की जा रही है.

पुलिस के अनुसार, जनवरी से अक्टूबर 2025 के बीच बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 55 हजार 873 वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है. ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हेलमेट न केवल कानूनी अनिवार्यता है, बल्कि यह जीवन की सुरक्षा का सबसे सरल और प्रभावी उपाय है. विशेषज्ञों के मुताबिक, सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों का बड़ा कारण सिर पर गंभीर चोट लगना होता है. एक हेलमेट ऐसी चोटों से बचाकर मृत्यु की संभावना को लगभग 70 प्रतिशत तक घटा सकता है. ट्रैफिक पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि दोपहिया वाहन चलाते या पीछे बैठते समय हमेशा हेलमेट पहनें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें.

## सीएम हेल्पलाईन पर जीरो प्रकरण करने वाले कलेक्टर को दिए जाएंगे अतिरिक्त नम्बर

- संभागायुक्त की अध्यक्षता में कलेक्टर्स कान्फ्रेंस आयोजित

**इंदौर.** संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाडे की अध्यक्षता में गुरुवार को पहली कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस संभागायुक्त कार्यालय में आयोजित हुई. कांफ्रेंस में संभागायुक्त डॉ. खाडे ने राज्य और केन्द्र शासन द्वारा संचालित अत्यंत महत्वपूर्ण योजनाओं सहित अभियानों और मुख्य कार्यक्रमों से जुड़े विषयों पर समीक्षा की. जिलों के कलेक्टर्स द्वारा प्रस्तुत पीपीटी के माध्यम से जानकारियां दी गई.

संभागायुक्त डॉ. खाडे ने मप्र शासन के महत्वपूर्ण कार्यक्रम सीएम हेल्पलाईन में बेहतर प्रदर्शन करने वाले संभाग के कलेक्टर्स को प्रोत्साहन स्वरूप अतिरिक्त नम्बर देने की बात कहीं है, इसके लिए कलेक्टर्स को सीएम हेल्पलाईन पर समस्याओं व शिकायतों को जीरो (0) तक लाना होगा. कॉन्फ्रेंस की शुरूआत में राजस्व विभाग के महत्वपूर्ण दायित्वों से की. नामांतरण के मामले में झाबुआ में सबसे अधिक 88 प्रतिशत प्रकरण



निराकृत किए. इंदौर संभाग में चालु माह में कुल 11 हजार 713 नामांतरण के प्रकरण निराकृत किए गए. इसी तरह सीमांकन में कुल 24 हजार 291 प्रकरण निराकृत हुए. साथ ही बटवारे में 11736 प्रकरणों का निराकरण किया गया. फार्मर रजिस्ट्री में 10 लाख से अधिक किसानों का पंजीयन सुनिश्चित किया जा चुका है.

**राजस्व वसूली में तेजी लाएं-** बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाडे ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे राजस्व वसूली में तेजी लाये, इसके लिए विशेष कार्ययोजना बनाये. मैदान में जाकर कार्य करें और सतत मॉनिटरिंग की जाए. तहसीलदार और नायब तहसीलदार सप्ताह में दो दिन फील्ड में जाकर कार्य करें. राजस्व शाखा में लंबित प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयसीमा में करें.

### कलेक्टर्स और सीईओ को दिए निर्देश

समीक्षा के दौरान संभागायुक्त डॉ. खाडे ने कलेक्टर्स और सीईओ को महत्वपूर्ण निर्देश दिए है. उन्होंने जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करने के निर्देश दिये है. सभी कलेक्टर्स को वन स्टॉप सेंटरों का प्रतिमाह निरीक्षण और सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए. नशा मुक्त अभियान के तहत जनजागरूकता कार्यक्रम चलाये.



## प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष बने घनघोरिया और शहर अध्यक्ष बने अमित पटेल

- चुनाव परिणाम किए घोषित

नव भारत न्यूज

**इंदौर. प्रदेश युवा कांग्रेस के चुनाव परिणाम गुरुवार को घोषित हो गए. इसके तहत प्रदेश युवक कांग्रेस अध्यक्ष जबलपुर के यश घनघोरिया और इंदौर के शहर अध्यक्ष अमित पटेल चुने गए.**

आज दोपहर मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के चुनाव परिणाम घोषित किए गए. प्रदेशभर के विभिन्न पदों पर विजेताओं की घोषणा हुई. जबलपुर के विधायक एवं पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया के पुत्र यश घनघोरिया ने 3,13,730 मत प्राप्त कर


यश घनघोरिया

प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की. वही यश के मुकाबले भोपाल के अभिषेक परमार को 2,38,780 मत प्राप्त हुए. शहर युवक कांग्रेस अध्यक्ष पद पर अमित पटेल 5,000 से ज्यादा मतों से विजय हुए. कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन में नव निर्वाचित शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित पटेल का स्वागत किया गया. स्वागत समारोह में पूर्व मंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस राज्य स्तरीय स्क्रुसमिति के चेयरमैन सज्जन सिंह वर्मा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे, वरिष्ठ नेता राजेश चौकसे, गिरधर नागर, जय हार्डिया, मनोहर धवन, राजा चौकसे, पार्षद राजू भदौरिया, प्रदेश प्रवक्ता अमित चौरसिया, शैलेश गर्ग, अफसर पटेल, संजय बाकलीवाल, धर्मराज प्रधान, मधुसूदन भलीका, शेख शाकिर, अभिषेक करोसिया, योगेंद्र मौर्य सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे.

## भगवान श्रीनाथ को 56 भोग समर्पित, महिला कार्यकारिणी का सम्मान

- अग्रवाल महासंघ विजयनगर की देव दीपावली में पहुंचे मंत्री विजयवर्गीय ने भी किया दीपदान

**इंदौर.** कार्तिक पूर्णिमा के महापर्व पर अग्रवाल समाज महासंघ विजय नगर द्वारा गोयल रिसोर्ट पर अन्नकूट महोत्सव एवं दीपावली मिलन समारोह उस वक्त यादगार बन गया, जब राज्य के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने देव दीपावली के अवसर पर निर्मित विशेष कुंड में स्वयं दीपदान भी किया और मातृशक्ति के आग्रह पर भजन भी सुनाए.

इस अवसर पर भगवान श्रीनाथजी को 56 भोग समर्पित करने के साथ ही अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र बनी रहीं. वहीं मुख्य अतिथि विजयवर्गीय ने सेवाभावी बंधुओं का सम्मान भी किया. प्रारंभ में महासंघ के संरक्षक किशोर गोयल, अध्यक्ष अजय अग्रवाल, महामंत्री नीरज गोयल एवं अन्य पदाधिकारियों ने विजयवर्गीय के साथ भाजपा के नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, पार्षद नंदकिशोर पहाड़िया, निगम सभापति मुन्नालाल यादव, पूर्व एल्डरमैन गणेश गोयल, समाजसेवी जगदीश बाबाश्री, रानू अग्रवाल एवं अजय मित्तल का भी स्वागत किया. महासंघ की ओर से नितेश बंसल, शैलेन्द्र अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, पवन अग्रवाल, अमित बंसल, भावना-मनीष गर्ग, मेघा-विनय गुप्ता एवं अन्य पदाधिकारियों की भी उपस्थिति भी रही. मुख्य अतिथि विजयवर्गीय ने महासंघ की महिला कार्यकारिणी को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया. अंत में महासंघ की ओर से सभी मेहमानों और सहयोगी बंधुओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया.





## कांग्रेस के निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत समारोह आयोजित

**महू.** ड्रीमलैंड चौराहा नेहरू जी की प्रतिमा के पास प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव शक्ति सिंह गोयल के नेतृत्व में नवनिर्वाचित प्रदेश सचिव अरुण गुर्जर, मुस्तकिम कुरैशी, सद्दाम पटेल एवं इंदौर जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ महू विधानसभा अध्यक्ष ओम पटेल, सिमरोल ब्लॉक अध्यक्ष योगेश मीना, मानपुर ब्लॉक अध्यक्ष रामकिशन मेड़ा, महूगांव ब्लॉक अध्यक्ष सनी सिंह राजपूत, महू ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष जयदीप चौहान, महू शहर अध्यक्ष सचिन गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों का स्वागत समारोह आयोजित किया गया. इस अवसर पर आतिशबाजी कर मिठाइयां वितरित की गईं, जिसमें मुख्य रूप से राजकुमार बागड़ी, देवेंद्र अग्रवाल सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ जन एवं युवा साथी उपस्थित थे.

## भारतीय शोध को उद्देश्य सदैव मानव कल्याण : डॉ. द्विवेदी

- क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय, खरगोन में एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

**इंदौर/ खरगोन.** क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय, खरगोन में 'भारतीय शोध पद्धति की अवधारणा' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला संपन्न हुई. इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के कार्य परिषद सदस्य एवं वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. ए.के. द्विवेदी (इंदौर) उपस्थित रहे.

डॉ. द्विवेदी ने भारतीय शोध पद्धति की विशेषताओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय शोध परंपरा की नींव आध्यात्मिकता, दर्शन और प्रायोगिकता- इन तीनों पर एक साथ टिकी है. भारत में शोध का अर्थ केवल आँकड़ों या प्रयोगों तक सीमित नहीं रहा है, बल्कि वह सत्य की खोज और अंत:करण की शुद्धि से जुड़ा रहा है. चरक-सुश्रुत संहिताओं से लेकर पाणिनि, आर्यभट और भास्कराचार्य तक की परंपरा ने यह सिद्ध किया है कि भारतीय शोध का




उद्देश्य सदैव मानव कल्याण का रहा है, न कि केवल बौद्धिक प्रदर्शन का. डॉ. द्विवेदी ने पश्चिमी और भारतीय शोध पद्धतियों का अंतर स्पष्ट करते हुए कहा कि जहाँ पश्चिमी पद्धति वस्तुनिष्ठता और पुनरावृत्ति पर आधारित है, वहीं भारतीय दृष्टि समग्र दृष्टिकोण और अनुभवात्मक पुष्टि को महत्व देती है. ज्ञान तभी सार्थक है जब वह समाज के लिए उपयोगी हो.

### शोध का केंद्र होता है रोगी

आयुष चिकित्सा और होम्योपैथी से जुड़े अपने अनुभव साझा करते हुए डॉ. द्विवेदी ने कहा कि भारतीय चिकित्सा पद्धति में शोध का केंद्र रोग नहीं, बल्कि रोगी होता है, और यही भारतीय दृष्टि की मौलिकता है. कार्यक्रम में विशेष रूप से शिक्षा से आत्मनिर्भर भारत के राष्ट्रीय संयोजक ओमप्रकाश शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए. कार्यशाला की अध्यक्षता कुलगुरु डॉ. एम.एल. कोरी ने की, जबकि कुलसचिव डॉ. एम.डी. सोमानी, डॉ. जितेन्द्र शर्मा और डॉ. आशीष जनक राय दवे भी कार्यशाला में बतौर वक्ता शामिल रहे.

## वैष्णव कन्या विद्यालय पर आज अंतर विद्यालयीन स्पर्धा

इंदौर. गुमास्ता नगर स्थित श्री वैष्णव कन्या विद्यालय पर अपनी 30 वर्ष पुरानी परंपरा के अनुरूप इस वर्ष भी 7 नवंबर को सुबह 9.30 बजे से अंतरविद्यालयीन चित्रकला, संगीत एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन साहित्यकार एवं उच्च शिक्षा विभाग म.प्र. शासन के सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. पुरुषोत्तम दुबे की अध्यक्षता में किया जा रहा है. विजेताओं को ट्रॉफी के द्वारा स्व. श्रीमती केसरबाई आगार और स्व. मोहनलाल आगार की स्मृति में कैलाशचन्द्र आगार जनकल्याण फाउंडेशन की ओर से सम्मानित किया जाएगा. विद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजकुमार भाटिया, मंत्री अमित पसारी एवं प्राचार्य ममता शुक्ला ने बताया कि कक्षा छठी से आठवीं के बच्चों के लिए कौशल विकास- विद्यार्थियों के भविष्य की कुंजी, कक्षा नौवीं एवं दसवीं के लिए स्वस्थ विचार और स्वस्थ जीवन में एक अटूट सम्बन्ध है तथा ग्यारहवीं एवं बारहवीं के बच्चों के लिए विश्व मंच पर भारत की भूमिका विषय पर तीन सौ से चार सौ शब्दों में निबंध लेखन प्रतियोगिता, 7 नवंबर को सुबह 9.30 से 11 बजे तक वैष्णव कन्या विद्यालय पर रखी गई है.

भागवत कथा | अन्नपूर्णा मंदिर के विशाल परिसर में चार संतों के सानिध्य में कलश यात्रा के साथ हुआ भागवत कथा का शुभारंभ

## सनातन धर्म की समृद्धि के लिए भक्ति के साथ श्रद्धा का भण्डारण करें : पं. नागर

**इंदौर.** हम अपने व्यापार और कारोबार में प्रतिदिन अपने गोदाम और वेयरहाउस भरने की चिंता में जुटे रहते हैं. जीवन चलाने के लिए यह सब जरुरी भी है लेकिन सनातन धर्म की समृद्धि के लिए ज्ञान, भक्ति और प्रेम के साथ श्रद्धा का भी भंडारण करना चाहिए. भागवत की कथा भक्ति, ज्ञान और वैराग्य से ही शुरू होती है. समाज के संपन्न और सक्षम लोग यदि इस तरह के अनुष्ठान में भागीदार नहीं बनेंगे तो हमारी नई पीढ़ी को धर्म, समाज और संस्कृति से जोड़ने के प्रयास फलीभूत नहीं होंगे. हम सबकी भक्ति भागवत के माध्यम से जागृत होना चाहिए.

मालव माटी के सपूत और प्रदेश में 200 से अधिक गौशालाओं के संचालक संत कमलकिशोर नागर के सुपुत्र तथा प्रख्यात भागवत मर्मज्ञ संत प्रभुजी नागर ने गुरुवार को शहर के प्रसिद्द आस्था केंद्र अन्नपूर्णा मंदिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय भागवत ज्ञान यज्ञ के शुभारंभ प्रसंग पर उक्त बातें कही. कथा का शुभारंभ



अन्नपूर्णा मंदिर के प्रवेश द्वार से बैंड-बाजों, ढोल-धमाकों और परंपरागत वाद्ययंत्रों से निकली भजनों की सुर एवं स्वर लहरियों के बीच निकली, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाऐं परंपरागत लाल चुनरी एवं साड़ी के परिधान में मस्तक पर सप्त नदियों के जल से भरे कलश एवं श्रीफल धारण कर नाचते-गाते हुए शामिल हुई. अन्नपूर्णा आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि, ओम्कारेश्वर के अन्नपूर्णा मंदिर के महामंडलेश्वर स्वामी सच्चिदानंद गिरि, स्वामी जयेंद्रानंद गिरि एवं छत्रीबाग नरसिंह मंदिर के संत वरुण महाराज के सानिध्य में कलश यात्रा मंदिर परिसर से होते हुए कथा स्थल पहुंची, जहाँ कथा के मुख्य यजमान सुरेश अग्रवाल, पूर्व सांसद कृष्ण मुरारी मोघे, समाजसेवी रामबाबू अग्रवाल, दिनेश बंसल पंप, श्यामबाबू, रमेश अग्रवाल, सुखदेव पाटीदार, ओमप्रकाश बंसल, हेमंत गर्ग सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिकों एवं गौभक्तों ने उनकी अगवानी की. व्यास पीठ पर विराजित होने के बाद अन्नपूर्णा के महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच व्यास पीठ का पूजन किया. मंच का संचालन राजेश अग्रवाल ने किया. अन्नपूर्णा के इस परिसर में पं. प्रभुजी अपने श्रीमुख से 12 नवंबर तक प्रतिदिन दोपहर 12 से 3 बजे तक भागवत कथामृत की वर्षा करेंगे.